मैं हाउस को एक इन्फर्मे ान देना चाहता हूं। The Election Commission has fixed the hours from 11.00 A.M. to 3.00 P.M. as the hours during which the poll shall be taken for the election to the Council of State by the elected members of the Haryana Legislative Assembly to be held on Saturday,

the 15th March, 1980, in the Committee Room, Haryana Vidhan Sabha Secretariat, Vidhan Bhawan, Chandigarh.

श्री हरफूल सिंहः चेयरमैन साहब, मैं अर्ज कर रहा था कि यह बजट घाटे का बजट है। इनको टैक्स लगाने ही पड़ेंगे। यदि ये टैक्स नहीं लगायेंगे तो सरकार का काम नहीं चलेगा। चेयरमैन साहब, इन लोगों का तो वही हाल है नई–नई मुसलमाननी; अल्ला–अल्ला पुकारे। जो भाई ट्रेजरी बेंचिज की तरफ बैठे हुए है वे 3 दिन से चिल्ला रहें है और इन्दिरा गांधी की बातें कर रहे है। इन्दिरा इनको स्वर्ग में ले जाएगी और ऊपर उठा देगी। मेरी समझ में नहीं आता कि ये ऐसी बातें कैस कह रहें है। यदि भारतवर्श में 30 साल के अर्सें में गरीबी नाम की कोई चीज आई है तो उसकी सारी जिम्मेदारी इंदिरा गांधी पर है। मेरे पास इसके उदाहरण है। इंदिरा गांधी कांग्रेस पार्टी की नेता है। नेता तो हम उस को कहेंगे जिसकी नियत ठीक हो।**********इंदिरा गांधी नेता है। नेता इसलिए है कि वह स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू जी की बेटी है। इंदिरा गांधी ने नारा दिया था कि इंदिरा जिताओं, गरीबी हटाओ।

चेयरमैन साहब, इस बजट में गरीब लोगों के बारे में कोई बात नहीं कहीं गई है। जिस बजट को पास करने जा रहे है इस में किसी भी वर्ग के लिए कुछ नहीं कहा गया है। हमारे खजाना मंत्री श्री तायल साहब जिस पार्टी के तरफ से बजट पे । कर रहे है, वे अभी उसी पार्टी के उम्मीदवार श्री बंसी लाल के

मुकाबले में कुछ दिन पहले हार कर आये है। मेरी समझ में नहीं आता कि जो लोग कांग्रस पार्टी के आदमी से हार कर आया हो वह इस हाउस में उसी पार्टी का बजट पे ा करें।

चेयरमैन साहब, यह इतना गंदा बजट पे ा हुआ है जिसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। (व्यवधान व भाोर)

श्री सभापतिः चौधरी साहब, आप इसमें कोई सुजै ान दीजिए।

स्वामी आदित्यवे ाः आन ए प्वायंट आर्डर सर। मैं आपसे यह निवेदन करना चाहता हूं कि यह जो लठ दल वाले भाई है क्या इनको सब कुछ कहने की इजाजत है?

चौधरी संत कंवरः जिस दिन भी लठ दल वालों लठ उठा लिया तो वे आपको हरियाणा से बाहर छोड़ आयेंगे।

कंवर राम पाल सिंहः चेयरमैन साहब, श्री संत कंवर जी ने अभी कहा है कि वे स्वामी जी को हरियाणा से बाहर छोड़ आयेगे, ऐसी बातें इनको नहीं कहनी चाहिए (व्यवधान व भाोर)

श्री हरफूल सिंहः चेयरमैन साहब, मैं इनसे यह पूछना चाहता हूं कि यह इस घाटे को कैसे पूरा करेंगे? स्वामी जी को चाहिए था कि जिस प्रकार से इन्होंने पिछले साल भाराब बंदी के बारे में भूख हड़ताल की थी, अगर वह ईमानदार है, और ईमानदारी की बात करना चाहते है तो आज भी इनको चाहिए था

कि वे भाराब बंदी के बारे में भूख हड़ताल करते। (व्यवधान व भाोर) चेयरमैन साहब, ये बीच में टोक रहे है। इनको इस प्रकार से बीच में नहीं बोलना चाहिए।

चेयरमैन साहब, यदि इस घाटे को यह सरकार पूरा करना चाहे तो बहुत से ऐसे रास्ते है, तरीके है जिससे इस घाटे को पूरा किया जा सकता है। एक–एक महकमें के साथ 3–4 कार्पोरे ान को जोड़ दिया जाये तो यह घाटा पूरा किया जा सकता है। जिस प्रकार से एम0आई0टी0सी0 है। इस कार्पोरे ान में 17–18 एस0ई0 है, 300–400 के करीब एस0डी0ओ0 है और 60–70 के करीब एक्स0ई0एन0 है। यदि इस कार्पोरे ान को तोड़ दिया जाए और इस महकमें को नही के महकमे के साथ मिला दिया जाये तो करोड़ों रूपये का घाटा पूरा किया जा सकता है। चेयरमैन साहब, कई भाइयों ने टूरिजम कम्पलैक्स बनाये जाने की बात कही है। हमारे भारतवर्श के अन्दर इतनी अधिक मात्रा में गरीबी है कि गरीब आदमी एक–एक चारपाई पर चार–चार आदमी एक ही रिजाई के अन्दर सोते है। चेयरमैन साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि यह बजट गरीबों का बजट नहीं है। इस बजट में गरीब आदमी की भलाई के लिए कोई बात नहीं कही गई हैं। हमारे स्वर्गीय डाक्टर राम मनोहर लोहिया ने भी कहा था और आज श्री चरण सिंह जी ने भी कहा है कि हर हाथ को काम दिए बगैर गरीबी नहीं मिटाई जा सकती लेकिन चेयरमैन साहब, आज ये बड़ी–बड़ी कार्पोरे ान्ज खोल कर और बड़ी–बड़ी कम्पनियां

खोल कर दे ा के अन्दर घाटा बढ़ा रहे है। हरियाणा के इस बजट के अन्दर कहीं पर भी किसी भी वर्ग की भलाई के लिए कोई बात नहीं कही गई। न ही इन को किसी मदद का आ वासन इस बजट के अन्दर दिलाया गया है।

श्री सभापतिः चौधरी साहब, आप जल्दी खत्म कर ले अभी बहुत से मैम्बरों ने बोलना है।

श्री हरफूल सिंहः आजकल गांवों में यह हालत हो गई है कि गांवों के पढ़े–लिखे नवयुवक लम्बे–लम्बे बाल रखकर तथा लम्बी–लम्बी दाड़ी रखकर रोजगार न मिलने के कारण घूमते फिर रहे है। इस बजट के अन्दर पढ़े–लिखे नवयुवकों को भी रोजगार देने की कोई बात नहीं कही गई। जो मेरे भाई दल–बदल करके चले गए है, वे करोड़ो रूपये खा गए है। चेयरमैन साहब, पिछले दिनों हमारी एक चीफ पार्लियामैंटरी सैकेटरी के बारे मैं उसके पति की ओर से खबर अखबारों में छपी थी कि उसकी औरत को कहीं पर छुपाकर रखा गया है (व्यवधान व भाोर) मैं इन्हीं भाब्दों के साथ आपका भाुक्रिया अदा करते हुए अपना स्थान लेता हूं।

श्री लहरी सिंह मेहरा(रादौर–अनुसूचित जाति): सभापति महोदय, मैं आपका भाुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मुझे बोलने का टाईम दिया। चेयरमैन साहब, लाला बलवन्त राय तायल ने 1980–81 का जो बजट पे ा किया है वह बहुत ही अच्छा बजट है हरियाणा की गरीब जनता के लिए यह एक बहुत

अच्छी देन है। चेयरमैन साहब, आपको दच्छी तरह याद होगा कि पिछली सरकार में जब बाबू मल चंद जैन नेबजट पे ा किया था, इस सदन के सभी सदस्य इस बात के गवाह है कि उस बजट स्पीच की कापियां यहां पर काफी फाड़ी गई और एक–एक पन्ना यहां पर फैंका गया था। आज ये ही भाई यहां पर टौंट कसते है कि यह बजट अच्छा नहीं है (व्यवधान व भाोर) मैं अपोजी ान के भाइयों को बताना चाहता हूं कि उस समय आप लोग कहां गए थे जिस समय आप लोगों ने बजट की स्पीच को फाड़ा था। (व्यवधान व भाोर) चौधरी सतवीर सिंह ने बजट के पन्ने फाड़ कर सारे होउस मैं फैंक दिए थे। चेयरमैन साहब, आज जब इस बजट स्पीच पर डिस्क ान हो रहीं है तो इस समय तमाम लोगों के मुंह बंद है क्योंकि इस बजट के खिलाफ आप लोगों के पास बोलने के लिए कुछ भी नहीं है। चेयरमैन साहब, आज अपोजि ान के भाई आदरणीय चौधरी चांद राम का नाम बहुत लेते है और उनका बड़ा जिक अपनी स्पीचों में करते है। मैं इनको बताना चाहता हूं कि मैं, मेरे साथी और कांग्रेस के जितने दूसरे लोग है, चौधरी चांद राम उनके बाहिद लीडर है, अब भी है और आगे भी रहेंगे। चेयरमैन साहब, वे जनता के लीडर है और जनता ने उनको लीडर माना है। इस बात को झुठलाया नहीं जा सकता।

मास्टर ि ाव प्रसादः तभी वे रोहतक में हारे थे।

श्री लहरी सिंह मेहराः वह आपकी करतूतो से हारे थे (व्यवधान)।

मास्टर ि ाव प्रसादः आपकी करतूतों से हारे थे हमारी से नहीं (व्यवधान)।

श्री लहरी सिंह मेहराः चेयरमैन साहब, मैं कह रहा था कि आदरणीय चौधरी चांद राम हमारे लीडर है.....

चौधरी सतवीर सिंह मलिकः चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है।

श्री सभापतिः यह सारा रिकार्ड न किया जाये।

श्री लहरी सिंह मेहराः चेयरमैन साहब, यह बात मैंने उस समय भी कही थी कि वे मेरे नेता है और आज भी कहता हूं कि वे मेरे नेता है। मैंने कभी भी उसको नेता मानने से इन्कार नहीं किया है और न भविश्य में नेता मानने से इन्कार करूंगा। मैं उनकी देन हूं, मैं उनकी उपज हूं। मैं अपोजी ान के भाइयों की नेकनामी की दाद देता हूं, मैं लोकदल के भाइयों की नेकनामी की दाद देता हूं कि मेरे भोरों आप लोगों ने (व्यवधान व भाोर)

श्री सभापतिः भोर कहते है तब भी आप बुरा मानते है यदि गीदड़ कहेंगे फिर तो आप बुरा मानोगें ही।

श्री बलदेव तायलः आन ए प्वायंट आर्डर। चेयरमैन साहब, इंसान को जानवर में तब्दील करने का अधिकार किसी को नहीं होना चाहिए।

श्री सभापतिः यह तो बहादुरी वाली बात है। बुराई की बात नहीं है।

श्री लहरी सिंह मेहराः चेयरमैन साहब, मैं इस बात को मानता हूं कि जनता पार्टी के बनाने में हमने पूरा योगदान दिया था। हम खुद जेल में गए थे और दूसरे साथी भी हमारे साथ थे (व्यवधान)।

श्री रघुनाथ गोयलः चेयरमैन साहब, एमरजैंसी के अन्दर इनके बाल काट कर और इनका सिर मुंडवा कर तहखाने में बंद कर दिया था। ये वे दिन भूल गए थे और आज ये उसी पार्टी में भाामिल हो गए है। (व्यवधान)

श्री लहरी सिंह मेहराः चेयरमैन साहब, मुझे अच्छी प्रकार से पता है कि श्री रघुनाथ गोयल की आंखे मोम के कोटे की परत से बंद है (व्यवधान) सभापति महोदय, ये लोग जितना टाईम मेरा ले रहे है उतना टाईम मुझे मिलना चाहिए। मैं कह रहा थ कि आदरणीय चौधरी चांद राम को लोकदल के भाइयों ने हाथ जोड़कर और पैर पकड़कर.....(व्यवधान एवं भाोर)।

श्री जय नारायण वर्माः चेयरमैन साहब, मैं आपकी रूलिंग चाहता हूं कि ये चौधरी चांद राम पर बोल रहे है या बजट पर बोल रहे है (व्यवधान)।

श्री लहरी सिंह मेहराः चेयरमैन साहब, इस दुनिया में कोई वि वास नहीं कर सकता कि ऐसा वि वासघात भी किसी

आदमी के साथ किया जा सकता है। उनको घर पर बुलाकर मीठी–मीठी बातें करते रहे और पीछे से उनके घर पर रेड करवा दिया। घर का एक–एक कोना खुदवाया कि कुछ जमीन में तो नहीं दबाया हुआ। चेयरमैन साहब, उनके घर में कुछ नहीं निकला। इसनके लिए यह अच्छी बात नहीं है (व्यवधान व भाोर)। सभापति महोदय, मैंने तो इस बात का जिक्र इसलिए किया कि उनके साथ इन्होंने ऐसा बुरा व्यवहार किया। (व्यवधान व भाोर)

चौधरी जय नारायणः चेयरमैन साहब, जिस वक्त छापा मारा गया था उस वक्त सारा माल इनके घर पर रखा हुआ था (व्यवधान)

श्री भले रामः चेयरमैन साहब, ये चौधरी चांद राम की इस वक्त तारीफ कर रहे है। हम एक बार भाकुन्तला के घर चाय पीने के लिए गए थे वहां पर इन्होंने चौधरी चांद राम को गालियां दी थी और आज तारीफ कर रहे है (व्यवधान)

श्री लहरी सिंह मेहराः चेयरमैन साहब, इन्होंने मेरे ऊपर लांछन लगाया है और इसका जवाब मैं एक मिनट में दे देता हूं। मैं चंडीगढ़ में रहता हूं और चंडीगढ़ के अलावा सारे हरियाणा में कहीं भी मेरे रहने के लिए कोई जगह नहीं है। (व्यवधान) भले राम जी बिल्कुल गलत बोल रहे है। मैं कभी भी respectable words के बिना आदरणीय चौधरी चांद राम को सम्बोधित नहीं करता।

चौधरी संत कंवरः आपके बाप दादा भी कभी चंडीगढ़ में रहे है?

श्री सभापतिः मैं आनरेबल मैम्बर से रिक्वैसट करूंगा कि यहां पर किसी मैम्बर के बारे में यह बात न करें कि आपके बाप दादा भी कभी चंडीगढ़ में रहे है। यहां पर एक मैम्बर को दूसरे मैम्बर की रिस्पैक्ट करनी चाहिए। मेरी रिक्वैस्ट है कि आनरेबल मैम्बर अपने भाब्द वापिस ले लें।

चौधरी संत कंवरः मैंने तो सरसरी तौर वर ये भाब्द कहे थे। आप कहते है तो मैं विदड्रा कर लेता हूं। (व्यवधान)

Shri Baldev Tayal: Mr. Chairman, I draw your attention to sub-rule (2) of Rule 100 of the Assembly Rules which says-

"(2) A member which speaking shall not-

(i) reflect upon the conduct of persons in high authority unless the discussion is based on substantive motion draw in proper terms;

(ii) use the name of persons in high authority for the purpose of influencing the debate;

श्री सभापतिः तायल साहब, ऐसी बात नहीं है आप जो अभी पढ़ रहे हैं, वही मुझे दिखाया जा रहा था, आपकी जानकारी के लिये मैं बता देता हूं कि यहा काम उनकी ड्यूटी में आता है।

Shri Baldev Tayal: My humble submission to the Chair is that the hon. Member who is speaking may please be asked not to speak on a particular conduct or in praise of a

person, who is supposed to be a high dignitary. He should make his speech on the budgetary aspects and not on extraneous matters. If you think that he is speaking that way, it is for you to decide.

श्री सभापतिः तायल साहब, आपकी बात ठीक है। मैं आनरेबल मैम्बर साहब से यह रिक्वैस्ट करूंगा कि वे बजट तक ही अपनी स्पीच को सीमित रखें।

Shri Baldev Tayal: Thank you for this, Mr. Chairman.

श्री लहरी सिंह मेहराः बहुत अच्छा जी। सभापति महोदय, मैं बजट पर ही बोलता हूं। पहले विपक्ष की तरफ से एक ऐसा आइटम सा खड़ा कर दिया गया था, जिस पर मुझ जवाब देना पड़ गया था। सभापति महोदय, इस बजट स्पीच के अन्दर जितने काम, लोगों की भलाई के लिए किये गये है, भाायद ही जनता सरकार ने या किसी और सरकार ने कियें होंगे। बाबू मूल चंद जैन जी ने भी जो बजट पे ा किया था, उससे कहीं बेहतर यह बजट है। पहले 227 करोड़ का बजट रखा गया था अग इस सरकार ने करोड़ रूपये का बजट रखा है और कुछ लोग यहां पर कह रहे थे कि जो इस सरकार ने 50 रूपये सफाई मजदूरो के लिए और 6 से 8 रूप्ये जो working labour के बढ़ाये है, ये जनता सरकार की देन थी, मैं इसको मानता हूं कि वह जनता के भाासन में बढ़ाये गये थे लेकिन यह सिर्फ चौधरी भजन लाल जी की वजह से ही बढ़ाये गये थे। इससे पहले चौधरी देवी लाल हरियाणा के मुख्य मंत्री थें, वे कोई दो ढ़ाई साल तक

राज्य करते रहे और वो ऐसा कोई काम नहीं कर सकें जिसकी वजह से लोगों की भलाई हो सके। उसका कारण यह था कि उनके चारो तरफ एक ऐसा वातावरण था कि उस वातावरण में और कोई आदमी किसी किस्म की सलाह देने के लिये आ ही नहीं सकता था। उस वक्त जो मीटिंगें हुआ करती थी, उनमें उस वक्त डाक्टर मंगल सैन जी भी हुआ करते थे। उनके बारे में तो मैं दावे के साथ कह सकता हूं िकवे तो कभी हरिजनों का भला सोच नही नहीं सकते। (ाोर एवं व्यवधान) आदरणीय डाक्टर साहब इंडस्ट्रीज मिनिस्टर रहे है। सभापति महोदय, मैं आपको सच्चाई के साथ कहता हूं कि उन्होंने उस डिपार्टमैंट के डायरैक्टर ..... को बदलवाने के लिए बड़ी कोि ा ा की लेकिन वह बदले नहीं जा सके। (ाारे एवं व्यवधान) क्योंकि वे चाहते थे कि हरिजनों के लिए गांवों में रूलर इंडस्ट्रीलाइजे ान की जाए। (ाोर एवं व्यवधान)

श्रीमती सुशमा स्वराजः सभापति महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है कि इस तरह से जनरल एडमिनिस्ट्रे ान के आरे में यहां पर यह कहना कि किसी मिनिस्टर ने किसी अफसर के साथ यह किया, वह किया, क्या ये आनरेबल मैम्बर बजट स्पीच पर बोलते हुए इस तरह के सवाल उठा सकते है? यह रैलवेन्ट नहीं बोल रहें है। (ाोर एवं व्यवधान) सभापति महोदय, यह मंत्री महोदय पर एसप ार्न है। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री सभापतिः देखिए, ये रैलवेंट बोल रहे है। यह तो भलाई और बुराई की बात कर रहे है। यह किसी के ऊपर एसप ार्न नहीं है। (ाोर एवं व्यवधान)

Shrimati Sushma Swaraj: Mr. Chairman, it is a reflection on the Minister that he did not like a particular person because he was a Harijan. It should be expunged from the record.

Dr. Mangal Sein: Mr. Chairman, it is absolutely wrong , Sir.

VOICES: Do not cast aspersions on anyone.

स्वामी आदित्यवे ाः सभापति महोदय, अब इस तरह की रूकावटें ये अपोजी ान के भाई डाल रहे है कि यह नहीं बोलना चाहिये, वह नहीं बोलना चाहिये। क्य कल डाक्टर मंगल सैन जी को यहां पर सब कुछ कहने का अध्किार था और किसी को कुछ कहने का अधिकार नहीं है?

Shri Baldev Tayal: Mr. Chairman] he cannot cast aspersion like this. Ig the name of an officer is mentioned, the bureaucracy will be allowed to be dragged into discussion of this Hon. House and there will be no end to it and the high officers/bureaucracy and other people of the general administration will not be spared. Of course, one can say something about their conduct/authority and the way of working in general terms but nobody should be dragged into discussion by name. So, I would request the Chair to at least expunge the name of the officer about whom reference has been made.

श्री सभापतिः मिस्टर पुनिया का नाम प्रोसीडिंग्ज में से निकाल दीजिये।

श्री लहरी सिंह मेहराः सभापति महोदय, मैं तो इस तरह के 20 उदाहरण दे सकता हूं। उदाहरण देते समय मैंने तो केवल सरसरी तौर पर नाम ले दिया, ऐसी कोई बात नहीं थी जिसके लिये इन्होंने इतना भाोर डालना भुरू कर दिया। आप बे ा कवह नाम एक्सपन्ज करवा दीजिये। मेरा कहने का मतलब यह है कि दूसरे जो जो डायरैक्टर थे, मेरी उनसे कोई दु मनी नहीं थी। मैंने केवल इतना ही बताना था कि वे अफसर हरिजनों की रूलर इंडसिट्रयलाइजे ान की जो स्कीम है, उसको कामयाब करना चाहते थे मगर उस वक्त डाक्टर साहब, इस बात के विरूद्ध थे। (ाोर एवं व्यवधान) (ोम– ोम की आवाजें)

मास्टर ि ाव प्रसादः आप भी तो.....काम करवाते थे।

श्री लहरी सिंह मेहराः कौन लेता था? कौन काम करवाता था?

मास्टर ि ाव प्रसादः आप लेते थे।

श्री लहरी सिंह मेहराः सभापति महोदय, यह गल्त कह रहे है, ये इन एलीगे ान्ज को सिद्ध करें। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री सभापतिः यह जो हरिजनों से पैसे ले ले कर वाला भाब्द है, इसको एक्सपन्ज कर दिया जाए।

श्री लहरी सिंह मेहराः सीभापति महोदय, मैं कह रहा था कि हमारा यह जो बजट है, यह बहुत अच्छा बजट है। अच्छे

ढ़ंग से इसे बनाया गया है और उसमें गरीबों की भलाई के लिये काफी कुछ प्रोवीजन किया गया है।

अब मैं एग्रीकलच्र के बारे में बताना चाहता हूं। यह बजट किसान की भलाई वाला बजट है क्योंकि इसमें किसान के लिए बहुत भारी रकम रखी गई है। इसमें किसान की खालें पक्की करने के लिए और बीज पर सबसिडी देने के लिए पैसे रखे गए हैं। इसके साथ–साथ खेती की पैदावार बढ़ाने के लिए सिंचाई साधनों को भी पूरा ध्यान रखा गया है। चेयरमैन साहब, मैं आपके द्वारा यह कहना चाहता हूं कि सरकार ने जहां..... (व्यवधान)

चौधरी जय नारायणः .....

श्री सभापति महोदयः जो चौधरी जय नारायण ने कहा है, यह रिकार्ड न किया जाए।

चौधरी जगदी ा कुमार बैनीवालः चेयरमैन साहब, मेरा प्वांयट आफ आर्डर है। इन्होंने कहा कि किसानों के ऊपर इतना पैसा खर्चा गया है। मैं कहना चाहता हूं कि किसानों का पैसा तो इन्होंने काट दिया है खेती बाड़ी से।

श्री सभापतिः यह प्वांयट आफ आर्डर नहीं है।

श्री लहरी सिंह मेहराः चेयरमैन साहब, मैं कह रहा था कि किसान की सहूलियत के लिए इस सरकार ने बहुत कुछ किया है लेकिन मैं फिर भी सरकार से प्रार्थना करूंगा कि ओलावृश्टि के कारण या सूखें के कारण जिन किसानों का नुकसान हुआ है, उन्हें पिछले साल की तरह से उसी रे ाो के

हिसाब से मदद दी जाए। इस मदद का हिस्सा किसानों के नौकरों और सीरियों को भी दिया जाए। इसके साथ–साथ मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि जगाधरी से लेकर एक आगमैंटे ान कैनाल बनाई गइ है और उस पर बुर्जिया लगी हुई है और ट्यूबवैल्ज लगे हुए है। इससे मेरे हल्के के चोओं के पानी का लेवल अढ़ाई तीन सौ फीट नीचे चला गया है। जिस समय ये ट्यूबवैल्ज नहीं लगे हुए थे उस तीस चालीस फीट से पानी निकलता था। इससे मेरे हल्के के गरीब किसान और मजदूर को बहुत नुकसान हुआ है। मैं यह कहना चाहूंगा कि उस आगमैंटे ान कैनाल में अगर यमुना का पानी आ जाए, तो केवल मेरा ही हल्का नहीं बल्कि यमुना नगर, रादौर, इन्दरी, करनाल और घरौंडा तक के हल्कों को फायदा होगा। इसलिए सरकार से मेरा निवेदन है कि उन बुर्जियों को बंद किया जाए और यमुना नदी से उस आगमैंटे ान कैनाल में पानी डाला जाए। ऐसा करने से यह पानी आगे टेल तक यानी महेंद्रगढ़ और भिवानी तक जा सकेगा। (घंटी) चेयरमैन साहब, मैं आपके द्वारा सरकार से भी प्रार्थना करूंगा कि जिस तरह से सतलुत यमुना लिंक कैनाल के मामले पर दो अढ़ाई साल से खींचातानी चल रही है अगर उसको जल्दी जल्दी से निपटा दिया जाए तो उससे मेरा हल्का भी बच जाएगा और अम्बाला, करनाल और कुरूक्षेत्र जिले भी बच जाएंगे। इसके इलावा महेंद्रगढ़ की तरफ भी पानी चला जाएगा।

इसके बाद मैं असली प्वांयट पर आता हूं। वह है रिजर्वे ान का। जहां हमारी रिजर्वे ान 20 प्रति ात होनी

चाहिए वहां क्लास वन में 3 प्रति ात है, क्लास दो में 3.5 प्रति ात है, क्लास तीन में 6 प्रति ात है और क्लास चार में 20 प्रति ात है। क्लास चार में सफाई मजदूर आते है और आपको अच्छी तरह से पता है कि यह काम और कोई जाति का आदमी नहीं कर सकता। इसलिए मेरी सरकार से अपील है कि रिजर्वे ान का कोटा पूरा करने का प्रयत्न करें। हमारी सरकार ने एक हरिजन कल्याण निगम स्थापित की हुई है और अब की बार जो बजट हरिजनों और बैकवर्ड क्लासिज की भलाई के लिए रखा गया है, यह पिछले बजट से दोगुना जरूर है लेकिन बहुत कम है। इसलिए इसको ज्यादा किया जाए। इनके लिए जहां 1 करोड़ 54 लाख रूपए रखे गए है मैं चाहता हूं कि उसकी जगह कम से कम 10 करोड़ रूपए रखें जाएं ताकि हर हरिजन को कुछ ने कुछ फायदा हो सके। जो निगम सरकार की तरफ से स्थापित की गई है उसकी लिमिट दो करोड़ रूपए की है, मैं चाहता हूं कि इसको बढ़ा कर भी दस करोड़ किया जाए ताकि हर हरिजन को, हर गरीब आदमी को अच्छी से अच्छी ट्रेड सिखा कर ओर उनको कर्जे देकर अपने पैरों पर खड़ा किया जा सके। (व्यवधान व भाोर) चेयरमैन साहब, उधर की तरफ से जो नुक्ताचीनी हो रही है मैं उसका आधे मिनट में जवाब दे रहा हूं। यू0 पी0 सरकार ने जाते–जाते हरिजनों की रिर्जेवे ान खत्म कर दी (ाोर एवं व्यवधान) यह लोकदल तथा जनसंघ को हरिजनों के प्रति प्यार है। चेयरमैन साहब, सोनीपत में एक ज्योति स्टील कम्पनी है

वहां से पिछले साल डा0 मंगल सैन कन्यादान की तरह बर्तन लेकर आए.....(ाोर)

वैयक्तिक स्पश्टीकरण–

डा0 मंगल सैन द्वारा

डा0 मंगल सैनः चेयरमैन साहब, आन ए प्वांयट आफ पर्सनल एक्सप्लेने ान। इन्होंने मेरे ऊपर एलीगे ान लगाया कि मैं कन्यादान में कुछ लेकर आया हूं। जो कुछ चौधरी लहरी सिंह ने कहा है सरासर गलत कहा है। (ाोर) मैं आपके द्वारा उनको चुनौती देता हूं कि मैं इनको ऐसे अफसरों के नाम बता सकता हूं जो कांग्रेस के राज में पीड़ित थे और मैंने उनके ग्रिवैंसिज को दूर किया है। (ाोर व घंटी)

श्री लहरी सिंह मेहराः मैंने तो कन्यादान की तरह से कहा है। धन्यवाद!

वर्श 1980–81 के बजट पर आम चर्चा (पुनराम्भ)

चौधरी सतवीर सिंह मलिक (नौलथा): चेयरमैन साहब, इस हाउस के अन्दर जो बजट पे ा किया गया है उसके बारे में मैंने मोटी–मोटी किताबों को पढ़ कर काफी कोि ा ा की कि भाायद इसके अन्दर कोई नई चीज मिल जाए। लेकिन वित्त मंत्री की स्पीच में सिवाए इसके कुछ नहीं था कि जो कुछ जनता पार्टी की सरकार ने अपने पिछले बजट में नई प्लानिंग के मुताबिक स्कीमें बनाई थी, सिर्फ वही उपलब्धियो और स्कीमें इस बजट के अन्दर दिखाई गई है। कोई और नई पालिसी नहीं दिखाई गई कि सरकार अगले साल क्या करने जा रही है। कोई नया प्लान

या नया प्रोग्राम इस बजट स्पीच के अन्दर नहीं है। वित मंत्री ने इसमें खास तौर पर एक बात रखी है। ट्रेजरी बैंचिज के मेरे साथियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कहा है कि यह टैक्स–लैस बजट है। लेकिन मे। यह कहता हूं कि यह किसी वैलफेयर स्टेट के वित मंत्री द्वारा पे ा किया गया बजट नहीं है। यह एक ऐसा बजट है जो मिस–लीडिंग और मिसचीवियस बजट है। यह बिल्कुल रूखा और सूखा बजट है। **(इस समय सभापतियों की सूची में से एक सदस्य, चौधरी राम कि ान, पदासीन हुए)** ऐसे मिसचिवियस बजट के अन्दर जो कोई डायरेक ान न दे सके, सरकार ने टैक्स न लगा कर इसका घाटा जो है वह बहुत ज्यादा द र्ाया है। चेयरमैन साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि इस बजट के अन्दर सरकार ने किसानों और मजदूरों की बहतरी के लिए कोई नई स्कीम नहीं बनाई है। चेयरमैन साहब, इसके अलावा जो घाटा वित मंत्री जी और सरकार की तरफ से माना गया है वह 31 करोड़ का है और 15 करोड़ इसमें पे–कमी ान की रिपोर्ट की वजह से भाामिल होने वाला है। इसके दो लोन सैंटर के भी है। एक 10 करोड़ रूप्ए का है और दूसरा 3 करोड़ का है। इस प्रकार से यह कुल घाटा लगभग 60 करोड़ रूपए का हो जाता है। चेयरमैन साहब, मैं जानता हूं कि जिन अधिकारियों ने इस बजट के बनाने में वित मंत्री जी की सहायता की है, उन्होंने दो साल मेरे साथ भी काम किया है। ये अधिकारी बहुत ही इनटैलीजैंट है और हरियाणा की कीम है। चेयरमैन साहब, फाईनैंस मिनिस्टर साहब, ने कहा है कि हम कोि ा ा करेंगे कि

सैंटर इस लोन को लौंग टर्म लोन में चेंज कर दे। चेयरमैन साहब, जो 13 करोड़ का घाटा इन्होंने अपने बजट में दिखाया यदि सैंट्रल गवर्नमैंट इस 13 करोड़ के लोन को लौंग टर्म लोन में चेंज करने के लिए न माने तो क्या वित मंत्री जी बतायेंगे कि यह घाटा बढ़ेगा या घटेगा? चेयरमैन साहब, इस बजट के अन्दर तीन चीजें मैंने नई पाई है। एक तो इस सरकार ने मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड बनाया है। दूसरा चौधरी भजन लाल जी ने आदमपुर में एक नया अस्पताल बनाया है और तीसरे चौधरी भजन लाल जी ने डिफैक ान की एक हिस्ट्री कायम की है। चेयरमैन साहब, मैं तो चाहता हूं कि इनको किसी यूनिवर्सिटी से डाक्टरेट की डिग्री दिला दी जाये जो इन्होंने इतना लार्ज स्केल पर डिफैक ान किया है। ये पार्टी के जनरल सैक्रेटरी, पार्टी के मिनिस्टरों और पार्टी के मैम्बरों की टीम की टीम को ले कर दूसरी पार्टी में भाामिल हो गये और उन्हें यह कहा कि अब हम आपके मेहमान है और आपके नाम पर कार्य करेंगे। ये तीन काम तो इन्होंने किये है। बाकी सारी की सारी स्कीमें पुरानी सरकार की हैं। जैसे हैल्थ की हैं, एग्रीकल्चर की है और इरीगे ान की हैं। ये सारी की सारी स्कीमें उस समय की जनता पार्टी की सरकार ने बनाई थीं। चेयरमैन साहब, आज जो यहां हाउस में सिद्धांत का नाम लेते है, उस सिद्धांत का रूप स्वामी जी बैठे है। ये सिद्धांत की बात करते है और कहते है कि स्वामी दयानंद सरस्वती जी का ि ाश्य हूं। वैसे तो मैं भी अपना नाम स्वामी जी के प्रथम श्रेणी के ि ाश्यों में गिनता हूं। चेयरमैन साहब, जो

हमारे 'हू इज हू' की किताब छपी हुई है उसके अंदर एक स्पैसीमैन प्रोफार्मा है कि कौन कहां का है, कहां पैदा हुआ, किस गांव में पैदा हुआ, पिता का क्या नाम है और कहां से ि ाक्षा प्राप्त की। चेयरमैन साहब, स्वामी जी ने उस किताब में अपने बाप का नाम नहीं लिखवाया बल्कि यह लिखवा दिया कि चेला स्वामी दयानंद सरस्वती क्योंकि इनको अपने बाप का नाम लिखने में भार्म आती है। चेयरमैन साहब, इनको भार्म आनी चाहिए कि उस किताब में इन्होंने अपने पिता का नाम नहीं लिखवाया। इसके अलावा यहां हाउस में एक्साइज पालिसी के बारे में भी जिक आया। चेयरमैन साहब, मैं स्वामी जी को याद दिलाना चाहता हूं कि जब उस समय की जनता पार्टी की सरकार में स्वामी जी होते थे तो इन्होंने भूख हड़ताल की थी और यह कहा था कि मैं पूर्ण न ाा–बंदी कराने के लिए गांव–गांव में धरना दूंगा। चेयरमैन साहब, आज ये वही स्वामी जी है चाहे इनके सर पर भाराब की दोघड़ रख कर गांवों की गलियों में घुमा दो, फिर भी नहीं बोलेंगे। चौधरी भजन लाल जी ने इनके नाक में ऐसी नकेल डाल दी है कि ये कहते है कि भाराब की पालिसी बहुत अच्छी बनाई है (ाोर एवं विघ्न).....

स्वामी आदित्यवे ाः चेयरमैन साहब, माननीय साथी .... हम क्या करें?

चौधरी सतवीर सिंह मलिकः चेयरमैन साहब, इसके अलावा स्वामी जी दूसरे एम0एल0एज0 के बारे में कहा करते थे कि एम0एल0ए0 को किसी कारपोरे ान का चेयरमैन नहीं बनाना

चाहिए। ये खुद मुझे कहा करते थे कि इन चेयरमैनों को हटाओ। इनका बजट के पर बहुत बोझ बढ़ जाता है। चेयरमैन साहब, ये खुद अब एग्रों–इंडस्ट्रीज कारपोरे ान के चेयरमैन बने हुए है और विदे ाों की सैर करते है और कहते है कि मैं वहां से बड़े आर्डर लाया हूं। चेयरमैन साहब, मैं इनसे पूछता हूं कि कौन से आर्डर लाए है? स्वामी जी जिस कारपोरे ान के चेयरमैन हैं मैंने खुद उस कारपोरे ान का एक बार नहीं, दो–तीन बार हिसाब चैक किया है। वह बिल्कुल ही मरी हुई इंडस्ट्री है और उसके अन्दर घाटा ही घाटा है। लेकिन फिर भी स्वामी जी कहते है कि मैं आर्डर लाया हूं। चेयरमैन साहब, मैं आपके द्वारा फाईनैंस मिनिस्टर साहब से कहूंगा कि आपके पास आर्डर लाने के लिए एक बहुत ही अच्छा एक्सपर्ट आदमी आ गया है। इसलिए जितने बाहर के भाराब के आर्डर मांगने है, स्वामी जी के जिम्में लगा दें। इनका आर्डर लाने का एक्सपीरियैंस भी है। चेयरममैन साहब, ट्रेजरी बैंचिज की तरफ से कई सीनियर मैम्बर्ज जिनमें से मैं खास करके चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवाला जी का और भाई बीरेंद्र सिंह का नाम लूंगा क्योंकि बाकी तो उस वक्त भी हमारे साथ थे जिस वक्त ये स्कीमें पिछली गवर्नमैंट ने पास की थी और अब उन्हीं स्कीमों को पास किया जा रहा है, इन दो आदमियों ने खास तौर पर इस बजट की सराहना मेज थपथपा कर की है। लेकिन उस वक्त ये आदमी नो कहने वालों मैं से थे.....(ाोर एवं विघ्न).....

स्वामी आदित्यवे I: सभापति महोदय, माननीय सदस्य का.....करवाया जाए कि ये हाउस में..... बोल रहे हैं या वैसे ही बोल रहे हैं.....(ाोर एवं विघ्न)

चौधरी सतबीर सिंह मलिकः स्वामी जी, मेरे कमरे में आ जाना आपको बता दूंगा.....(ाोर एवं विघ्न)

चौधरी संत कंवरः चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। हमारे स्वामी रामा नंद जी ने कहा कि.....(ाोर एवं विघ्न)

श्री सभापतिः स्वामी रामानंद राम का हाउस में कोई मैम्बर नहीं है, इसलिए आप बैठिए ंदक मअमतल ीवदण उमउइमत ीवनसक इम ंककतमैमक चतवचमतसलण (ाोर एवं विघ्न)

चौधरी संत कंवरः चेयरमैन साहब, अभी स्वामी जी ने हमारे आनरेबल मैम्बर चौधरी सतबीर सिंह जी को कहा कि इनका.....कराया जाए कि ये.....बोल रहे हैं। यह कार्यवाही से एक्सपंज होना चाहिए.....(ाोर एवं विघ्न)

चौधरी सतबीर सिंह मलिकः चेयरमैन साहब, जो स्वामी रामानंद जी ने मेरे ऊपर ऐसा ऐलिगे ान लगाया है..... (ाोर एवं विघ्न)

स्वामी आदित्यवे I: सभापति महोदय, मैं यह सच कह रहा हूं कि ये.....बोल रहे हैं क्योंकि इनको मेरे नाम का ही नहीं पता.....(ाोर एवं विघ्न)

श्रीमती सुशमा स्वराजः आन ए प्वायंट आफ आर्डर। सभापति महोदय, यह कहना कि.....करवाया जाए, यह बड़ी

अनपार्लियामेंटरी भाशा है, माननीय सदस्य पर एस्प र्न है, इन भाब्दों को एक्सपंज किया जाए। (व्यवधान)

चौधरी सतबीर सिंह मलिकः चेयरमैन साहब, मैं चौधरी भजन लाल जी से सिफारि ा करूंगा कि.....(व्यवधान) हां, मैं यह कह रहा था बजट के अन्दर 60 करोड़ का घाटा दिखाई देता है क्योंकि सैंट्रल गवर्नमैंट से 'फूड फार वर्क' स्कीम के तहत जो अनाज मिलता है वह कहीं भी दिखाया ही नहीं गया। यह अनाज पी0 डब्ल्यू0 डी0, पब्लिक हैल्थ और दूसरे डिपार्टसमैंट्स के लोगों को मजदूरी के रूप में दिया जाता है। अगर किसी कारण यह अनाज बंद हो गया जिसकी आ ाा सरकार ने सैंट्रल गवर्नमैंट पर लगाई हुई है, तो मु कल खड़ी हो जाएगी और जो बजट में पैसा है वह कहां–कहां खर्च करेंगे। अगर इस अनाज को इसमें भाामिल किया जाए तो घाटा 70–75 करोड़ रूपये तक पहुंचेगा। यह अनकवर्ड घाटा है। हरियाणा एक छोटी सी स्टेट है, इसमें 240 करोड़ रूपये की स्कीमें बनी है। मैं मुख्य मंत्री साहब से पूछता हूं कि अगर आमदनी के रिसोर्सिज पैदा नहीं करेंगे तो बिना पैसे से डिवैल्पमैंट का क्या खाक करेंगे? 240 करोड़ में से अगर घाटे का रूपया निकाल दिया जाए तो भाायद आपके पास डिवैल्पमैंट करने के लिए 60 करोड़ रूपया भी नहीं बचेगा। मैं पूछता हूं कि इस स्टेट का क्या होगा? जो योजनायें हमने भाुरू की थी, आप तो उनकी मुरम्मत भी नहीं करवा सकेंगे, घाटा पूरा होने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता। चेयरमैन साहब, इतना बड़ा डैफिसिट होने के कारण क्या है? वित मंत्री महोदय सुनने

की हिम्मत नहीं रखते, इसलिए वे सदन से उठकर चले गये है और रामानंद जी को यहां पर छोड़ गए है। (व्यवधान)

श्री सभापतिः आप वांइड अप करें, आपका टाईम हो गया है। दो मिनट में खत्म करें।

चौधरी सतबीर सिंह मलिकः मैं जल्दी ही खत्म कर रहा हूं। चेयरमैन साहब, मैं कह रहा था कि असल में घाटे का कारण क्या हैं। सबसे बड़ा कारण यह है कि एक्साईज डियूटी की लीकेज होती है। चेयरमैन साहब, यह महकमा मेरे पास भी रहा है। उस वक्त जिस सरकार से हमने चार्ज लिया था उस वक्त एक्साईज ड्यूटी की कुलैक ान 106 करोड़ से बढ़ाकर साढ़े 119 करोड़ तक पहुंचाई। किसी भी सरकार ने इससे पहले इतनी बड़ी कुलैक ान नहीं की, आप ज्वायंट पंजाब की हिस्ट्री उठाकर देख लें, इतनी बड़ी रिकवरी, एक्साईज एंड टैक्सै ान डिपार्टमैंट की तरफ से कभी नहीं हुई जितनी मेरे टाईम में हुई है। फिनांस मिनिस्टर बैठे नहीं है, उठकर चले गये हैं, मैं उनसे कहना चाहता हूं.....

औचित्य प्र न–

बजट पर आम चर्चा के समय वित मंत्री/मुख्य मंत्री के सदन में उपस्थिति संबंधी

श्रीमती सुशमा स्वराजः आन ए प्वायंट आफ आर्डर। सभापति महोदय, मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगी कि बजट पर बहस चल रही है लेकिन सदन में न वित मंत्री ह। और न मुख्य मंत्री बैठे है। बहस का जवाब वित मंत्री ने देना होता है लेकिन

वे सदन में नहीं है, यह सारे सदन का अपमान है। (व्यवधान) मैं जानती हूं कि केवल परिवहन मंत्री बैठे है लेकिन बहस का जवाब तो वित मंत्री ने देना है, उनका होना जरूरी था। सदन में मंत्रियों का न बैठना सदन का अपमान है। (व्यवधान)

श्री सभापतिः ऐसी बात नहीं है। उनका हर समय बैठना आव यक नहीं है। जो मंत्री बैठे है, ये काफी है और उनको रैप्रेजैंट कर रहे है। (व्यवधान) Please take your seat. (Interruption &Noise)

परिवहन मंत्री (श्री जगन नाथ): आन ए प्वायंट आफ आर्डर। चेयरमैन साहब, मैं और श्री रामपाल सिंह जी ने 1962 से कई असैम्बलियां देखी है। ये नये है, इनको ज्ञान नहीं हैं, बुद्धि नहीं हैं, इनको पता होना चाहिए कि मंत्रियों में से एक मंत्री जरूरी होता है। इसके बाद बहस का जवाब कोई भी दे सकता है, चाहे कोई और दे। (व्यवधान)

वर्श 1980–81 के बजट पर आम चर्चा (पुनराम्भ)

श्री सभापतिः चौधरी सतबीर सिंह जी, आपको बोलते हुए 18 मिनट हो गये है। एक–दो मिनट में आप वांइड अप करें।

चौधरी सतबीर सिंह मलिकः बहुत अच्छा जी। चेयरमैन साहब, बजट के डैफिसिट को पूरा करने के लिए मैं वित मंत्री जी को सुझाव देना चाहता हूं। पहली बात तो यह है कि सेल्ज टैक्स और एक्साईज टैक्स की जो लीकेज होती है, चोरी होती है उसको रोका जाए। अगर लीकेज बंद हो जाए तो लोगों

पर नये टैक्स लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मैं यह बात तजुर्बे की बिनां पर कर रहा हूं। असलियत यह है कि रूपये में से 4 आने सेल्ज टैक्स हमें मिलता हैं, 12 आने की चोरी होती है। अगर सारे टैक्स की वसूली ईमानदारी से कर ली जाए तो मैं समझता हूं कि टैक्स लगाने की आव यकता नहीं है। लेकिन दूध की बिल्ली रखवाली नहीं कर सकती। आप चोरी को नहीं रोक सकते क्योंकि चोरी भी इन्हीं के आदमी करते है। मुझे भाक है कि आप इस चोरी को नहीं रोक सकेंगे। डैफिसिट को पूरा करने के लिए आपको औस्टेरिटी मैयर्ज अपनाने चाहिए, सरकारी खर्चें को कम करे। ये जो लम्बी–लम्बी कारें चल रही है, यही घाटे के बजट के खास कारण है। चौधरी भजन लाल जी को कैलंडरों पर फोटो खिंचवाने का बड़ भाोक है। मैं इनसे रिक्वैस्ट करना चाहता हूं कि फोटो वगैरा कम खिंचवाया करें, बार–बार फोटो खिंचवाकर कैलेंडर छपवाना ठीक नहीं, इससे खर्चा पड़ता है। पहले तो ये महात्मा गांधी के साथ थे, फिर श्री जय प्रका ा नारायण के साथ रहे और अब इंदिरा गांधी के साथ रहकर फोटो खिंचवाते है। जनता के गाढ़े पसीने की कमाई को डिवैल्पमैंट के कामों पर लगाएं, इस तरह से बरबाद नहीं करना चाहिए।

श्री सभापतिः आप खत्म करें। आपको बोलते हुए 22 मिनट हो गये है। Plesase wind up now.

चौधरी सतबीर सिंह मलिकः अभी खत्म करता हूं। (व्यवधान) चेयरमैन साहब, हमने योजना बनाई थी कि 1500 डैरी यूनिट्स लगाये जायेंगे और लड़को को डैरी की ट्रेनिंग भी

दिलाई थी। डेरी के लिए लोगों को बैंकों से पैसे नहीं मिलते थे, इस कमी को दूर करने के लिए हमने एक केस चलाया था कि कोआप्रेटिव बैंक और मार्गेज बैंक को इकट्ठा किया जाए, पता नहीं यह केस अब किस स्टेज पर है। जो इंडस्ट्रियलिस्ट्स के बैंक हैं, ये बड़े–बड़े आदमियों के लिए है, ये कभी नहीं चाहेगे कि देहात में इंडस्ट्रीज लगे, डेरी का विकास हो और गांव के लोग ऊपर उठें। उस केस का पतर नहीं कहां चला गया, मैं आपसे कहूंगा कि उस केस को निकलवाइए और देहातों के विकास के लिए देहाती डिवैल्पमैंट बैंक बनाये जाएं। (विघन एवं भाोर) इन भाब्दों के साथ मैं इस बजट का विरोध करता हूं।

चौधरी ई वर सिंह(गुहला–अनुसूचित जाति): माननीय चेयरमैन साहब, वित मंत्री जी ने 10.3.1980 को जो बजट सदन में पे ा किया है, मैं उसका पुरजोर समर्थन करता हूं। मैं इस बजट को गरीबों को हितकारी, पिछड़े वर्ग को हितकारी, कर्मचारियों के हित का बजट तथा छोटे वर्ग के हित का बजट समझता हूं। इस बजट में कोई टैक्स न लगा करके हिन्दुस्तान के अन्दर एक मिसाल कायम की गयी है। इससे पिछड़े वर्ग को खास तौर पर अनुसूचित जातियों को, जो राहत मिली है, वह एक मिसाल है। सभापति महोदय, मैट्रिक से नीचे स्तर के इस वर्ग के छात्रों की वजीफें की दरें आठ रूपये प्रति मास से बढ़ाकर सोलह रूपये प्रति मास कर दी गयी है और मैट्रिक के बाद के स्तर में 15 रूपये से 35 रूपये प्रति मास तक की दरें बढ़ा कर 30 रूनये से 70 रूपये तक प्रतिमास कर दी गयी है। कितनी प्र ांसा की

बात है? किसान, किसान का नाम लेने से उसके हित की बात नहीं होती। चौधरी चरण सिंह जी प्रधान मंत्री रहे, चौधरी देवी लाल मुख्य मंत्री रहे। उन्होंने अपने समय में किसानों के लिए क्या कुछ कर दिया? क्या उनके पास पावर नहीं थी? सूखी नारेबाजी से किसान की भलाई नहीं हो सकती। इसक अलावा, चेयरमैन साहब, असली किसान वह है जो खेत में काम करता है। क्या मैं बूरा साहब से पूछ सकता हूं कि उन्होंने कितने दिन खेत में काम किया है? चेयरमैन साहब, असली तो पिछड़े वर्ग के लोग है, क्योंकि खेतों में काम वे करते है, फसल वे पकाते है, खलिहानों के अन्दर वे काम करते है। लेकिन अफसोस की बात यह है कि जब अनाज किसान के घर के अन्दर चला जाता है तो उसे अछूत समझते है, उसे उसका सही हिस्सा नहीं देते। आज वह कर्जदार है, परे ाान है और मुसीबतों का सामना कर रहा है। (व्यवधान) बाल्मीकि वे इन्सान है, जो सवेरे उठ कर लोगों का गंद उठाते है, उनके घरों को साफ–सुथरा रखते है। चौधरी देवी लाल जी से हम बार–बार प्रार्थना करते रहे कि आप ग्रामवासी हो, गांवों की समस्याओं को समझते हो, इसलिये कृपा करके पिछड़े वर्ग के ऊपर रहम करो और उनकी इमदाद करो। कई बार वे किसी बात को मान भी जाते थे परन्तु यह चंडाल चौकड़ी जो उनके पीछे लगी रहती थी उन्हें कोई भलाई का काम करने नहीं देती थी। (व्यवधान) बालमिकियों को राहत देकर इस सरकार ने हिन्दुस्तान के अन्दर एक मिसाल कायम कर दी है। किसी कर्मचारी की साल के बाद अगर 5 या 10 रूपये की

इंक्रीमैंट लगती है तो वह बहुत बड़ी चीज मानी जाती है लेकिन हमारे मुख्य मंत्री चौधरी भजन लाल जी ने उन्हें 50 रूपये महीने की राहत देकर के उनके परिवारों की बहुत इमदाद की है। ऐसे वर्ग को, जिसे लताड़ा जाता था, घृणा की दृश्टि से देखा जाता था, आर्थिक रूप से सहायता देकर के मुख्य मंत्री जी ने प्र ांसनीय काम किया है। सामाजिक रूप से भी उनकी भलाई करने की इस सरकार की नीति है।

चेयरमैन साहब, मुख्य मंत्री जी की नेक नीयती की एक मिसाल में और देना चाहता हूं। गांव का सबसे छोटा कर्मचारी चौकीदार होता है। वह हर वक्त गांव वालों की सेवा करता रहता है। उसकी भी इन्होंने 100 रूपये तनख्वाह कर दी है। क्या इस तरह की कहीं कोई मिसाल मिल सकती है?

सभापति महोदय, एक बात के बारे मैं मैं सरकार से जरूर प्रार्थना करूंगा। सरप्लस भूमि को हरिजनों में बांटने का सरकार ने जो कानून बनाया है, उसे ये अव य इम्पलीमैंट करें। अगर ऐसा सम्भव न हो तो उस कानून को वापिस ले लें ताकि झगड़ेबाजी खत्म हो जाए। हरिजन निगम के बारे मैं मैं सरकार से यह प्रार्थना करूंगा कि उसमें वि ोश रूप से एक कर्मचारी ऐसा लगाया जाए जो लोगों को यह समझा सके कि कर्जा कैसे लेना चाहिए।

ि ाक्षा के बारे में भी मैं सरकार से एक प्रार्थना करना चाहूंगा। यह बड़ी खु ाी की बात है कि जिन जे0बी0टी0 टीचर्ज को एडहाक बेसिज पर काम करते हुए 2 वर्श से ज्यादा हो गए

है, उन्हें सरकार ने रैगुलर कर दिया है। लेकिन मेरी सरकार से यह प्रार्थना है कि बी0ए0बी0एड0 टीचर्ज की भर्ती पर जो बैन लगा हुआ है उसे समाप्त करने की कृपा की जाए ताकि हजारों बेरोजगारों को रोजगार मिल सके।

चेयरमैन साहब, यह भी खु ी की बात है कि 191 प्राईमरी स्कूल और 158 मिडल स्कूल अपग्रेड किए गए है। लेकिन इसके बारे में भी मेरी यह प्रार्थना है कि मेरे हल्के का भी वि ोश ध्यान रखा जाए क्योंकि वहां अभी केवल दो स्कूल और वे भी लड़कियों के अपग्रेड हुए है जबकि दूसरे हल्कों में 14—14,15—15 स्कूल अपग्रेड हो गए हैं (व्यवधान) चेयरमैन साहब, स्कूलों की बिल्डिंगें पी0डब्ल्यू0डी0 को देकर सरकार ने लोगों को बहुत बड़ी राहत दी है। परन्तु मैं चाहूंगा कि जिन स्कूलों की छतें टूटी हुई है, बच्चों को बाहर मैदान में बैठना पड़ता है, बरसात में जो बुरी तरह से टपकती है और जिनसे जान और माल की हानि होने का खतरा है, उनकी छतें जल्दी से जल्दी डलवाई जाएं।

इसके बाद चेयरमैन साहब, मैं परिवहन मंत्री चौधरी जगन्नाथ जी कुछ निवेदन करना चाहूंगा। इनसे मुझे बड़ा गिला है क्योंकि इन्होनें मेरे हल्के के लिए जितनी बसें चलती थी, उनके बोर्ड बदलवा दिए है। गुहला नाम की अब कोई बस नहीं चलती। (व्यवधान) मैं बड़े अदब के साथ इनसे प्रार्थना करना चाहता हूं कि इस साल जो 200 नई बसों को खरीदने का प्रावधान किया गया है, उनमें से ज्यादा से ज्यादा बसें मेरे इलाके के लिए दी

जाएं क्योंकि वह एक बोर्डर एरिया है, उम्मीद है कि नया बस अड्डा भी वहां भीघ्र ही बन जाएगा क्योंकि मुख्य मंत्री जी ने और मंत्री जी ने यह वि वास दिलाया था कि वहां नया बस अड्डा बना दिया जाएगा।

चेयरमैन साहब, कृशि के बारे में भी मैं कुछेक बातें जरूर कहूंगा। मेरा इलाका बोर्डर का इलाका है। सारी जीरी वहां से बाहर जाती है क्योंकि एफ0सी0आई0 उसे लेने के लिए तैयार नहीं होती। चौधरी चरण सिंह जी के टाईम में यह बात हुई। (इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए) सारी की सारी जीरी को चोरी से पंजाब के अन्दर जा कर बेचा गया है। इसलिए मेरी सरकार से गुजारि ा है कि ऐसा प्रबन्ध किया जाए कि यह जीरी हरियाणा की मंडियों में बिके।

12.00 बजे अब मैं ला एंड आर्डर के बारे भी कुछ अर्ज करना चाहता हूं। हमारे लोकदल के साथी ला एंड आर्डर के बारे में बड़े नारे लगाते है। मैं वि वास के साथ यह बात कह सकता हूं कि भजन लाल की सरकार न होती तो इस लोक सभा के आम इलैक ान में हरिजनों और बैकवर्ड जातियों के लोगों को बिल्कुल वोट नहीं डालने दी जाती। जबरदस्ती लोगों के वोट डाले गये है। लड़को ने लड़कियों के ओढ़ने ओढ़ कर वोट डाले है। अगर भजन लाल की सरकार न होती तो घरों से पर्चियां छीन कर वोट डाले जाते।

स्पीकर साहब, यहां ला एंड आर्डर के बारे में बड़े बड़े लम्बे भाशण देते है कि उस टाईम पर बड़ी अच्छी हालत थी।

जब देवी लाल जी की गवर्नमैंट होती थी, उस टाईम पर हरियाणा में आई0ए0एस0 और आई0पी0एस0 हरिजन अफसरों में से किसी को न तो डी0सी0 लगाया और न ही एस0पी0 लगाया। हमारी एक भी बात नहीं सुनी। इस प्रकार सारी चीजों की अवहेलना की कि जैसे हरियाणा प्रान्त में कोई भी अन्य जाति के लोग नहीं रहते है।

स्पीकर साहब, मेरा अपना क्षेत्र बार्डर का है। वह बहुत ही पिछड़ा हुआ है। जितनी भी वहां पर माईनर्ज है वे सभी पंजाब के बार्डर से आती है जिसके कारण हरियाणा के मेरे इलाके में पानी कम हो जाता है। जब बरसात के मौसम में हमें पानी की आव यकता नहीं होती है तो सारा पानी हरियाणा में छोड़ दिया जाता है। हमें आव यकता होती है तो बिल्कुल नहीं दिया जाता। इसलिए इस पानी का सही रूप से बंटवारा होना चाहिए।

मेरे एरिया में सड़कों और यातायात के साधनों की भी बड़ी दिक्कत है। बार्डर के एरिया में 37 गांव लगते है। वहां पर जो भी पुल बने हुए है पंजाब वाले अपने कलेम करते है और हरियाणा वाले अपने कलेम करते है। पंजाब वाले अपने एरिया में सड़कें बना लेते है और बनाई हुई है और हरियाणा वाले अपने इलाके में बना लेते है लेकिन जो बीच में लिंक है वे वैसे ही पड़े है कोई भी बनाने के लिए तैयार नहीं है इससे गांवों के लोगों को बड़ी परे ाानी का सामना करना पड़ रहा है। ये लिंक केवल एक या दो मील के होते है। यह बहुत जरूरी चीज है, इस ओर

जल्दी से जल्दी ध्यान दिया जाये। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करते हुए अपना स्थान लेता हूं।

कामरेड भांकर लाल(सिरसा): आदरणीय स्पीकर साहब, आज बजट पर बहस चल रहीं है और मैं विरोध पक्ष की ओर से इसका विरोध करते हुए आपके सामने कुछ भाब्द कहना चाहता हूं। स्पीकर साहब, केंद्र में इस वक्त मौजूदा सरकार कांग्रस आई0 की है उसकी नीति और उसके इ ाारे पर ही यहां पर यह घाटे को बजट पे ा किया गया है। जिस तरह से हरियाणा में घाटाा दिखाया गया है इसी प्रकार से केंद्र में घाटा दिखाया गया है। जो भी बजट बनाया गया है वह श्रीमती इंदिरा गांधी की सोच के अनुसार बनाया गया हैं। कुछ महीनों के प चात इलैक ान आ रहे है ऐसा इ ाारा इस बजट से लगता है कि हरियाणा में भी इलैक ान आयेंगे मैं आपके जरिए हाउस को बताना चाहता हूं कि बजट के अन्दर बहुत सी चीजे नहीं है जैसे भाहर के नौ किलोमीटर एरिया के अन्दर किसान अगर हरा चारा पैदा करता है तो उस पर टैक्स लगता है। मैंने पिछली बार भी इस बात की प्रार्थना की थी कि यह टैक्स नहीं होना चाहिए। यह बिल्कुल गलत किस्म का टैक्स है। अगर कोई गरीब आदमी आधा एकड़ में भी का त करता है तो उस पर भी यह टैक्स लगता है। मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि इस टैक्स को खत्म किया जाये।

दूसरी मेरी अर्ज यह है कि बहुत सारे फूड इंसपैक्टर ऐसे है जो साबत माल के भी सैम्पल भरते है। साबत हल्दी,

धनिया आदि का सैम्पल भर लेते जो कि भरना नहीं चाहिए। पब्लिक जनसे में चीफ मिनिस्टर साहब ने कहा था और अखबारों में व रेडियों में भी आया था कि साबत चीजों के सैम्पल नहीं भरे जायेंगे, केवल कुटी हुई चीजों के सैम्पल भरे जायेंगे। लेकिन सरकार ने अपने वायदे को पूरा नहीं किया। दूसरी बात मैं यह भी अर्ज करना चाहता हूं कि सिरसा जिले के अन्दर घग्घर नदी है, उससे बाढ़ आती है। उसको रोकने के लिए सरकार ने बांध बांधें है। 15–16 गांवों में रिंग बांध भी बांधे है, वे तो ठीक बांधे गये है लेकिन मेरे अपने हल्के में 15–16 गांव ऐसे भी है जिनको नुक्सान से बचाने कि लिए नहीं बांधे। अगर इस दफा बड़े जोरों से नाली का पानी आया तो लोगों के लाखों रूपये के अनाज का नुक्सान होगा। घग्घर की बाढ़ से बचाने के लिए ये बांध अव य बांधें जाने चाहिए। फसल को बचाने के लिए गांवों में बांध बांधें गये है उनमें दो–अढ़ाई एकड़ जमीन आती है। मेरा कहना यह है कि जितनी जरूरत है उतनी ली जाये उससे ज्यादा न ली जाये ताकि किसानों को नुक्सान न हो।

हरियाणा के कर्मचारियों के वेतन के लिए जो आयोग बैठाया गया था अब उसकी रिपोर्ट छप चुकी है। उस रिपोर्ट के अन्दर हरियाणा सरकार के चतुर्थ और तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों को पंजाब सरकार या सैंटर सरकार के कर्मचारियों के बराबर नहीं रखा गया। इस रिपोर्ट में उन कर्मचारियों के साथ भेद–भाव बरता गया है। कई बार चीफ मिनिस्टर ने आम जलसों में, पब्लिक मीटिंगों में यह कहा था कि कर्मचारियों को पूरा न्याय

दिया जायेगा। लेकिन इस रिपोर्ट के देखने से पता लगता है कि इन कर्मचारियों के साथ बहुत बड़ा अन्याया हुआ है। इसलिए मैं चाहता हूं कि इनको पंजाब सरकार और सैंटर सरकार के कर्मचारियों के बराबर स्केल दिया जाये।

मेरी आपसे एक अर्ज यह भी है कि हरियाणा के अन्दर जो एम.आई.टी.सी. का महकमा है यह बहुत बड़ा है। एम.आई.टी. सी. की तरफ से अढ़ाई हैक्टेयर अगर किसी जमींदार की जमीन हो और उसकी जमीन में खाल बनना हो तो उससे कोई पैसा वसूल नहीं किया जायेगा और अगर उससे ज्यादा किसी की जमीन है तो उससे आधा पैसा वसूल किया जायेगा। इस सरकार ने इस बात का तो एलान कर दिया मगर इसको अभी तक लागू नहीं किया। मेरा यह भी ख्याल है कि जिले के डिप्टी कमि नर को या किसी दूसरे आफिसर को पैसे वसूल ने करने के लिए कोई हिदायत नहीं भेजी गई है। पटवारी, नम्बरदार गांवों के लोगों पर उनसे पैसे वसूल करने के लिए बराबर दबाव डाल रहे है। हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने कई पब्लिक जलसों में कहा था कि जहां पर 50 फीसदी कहत पड़ा है, वहां पर हम इस साल वसूली नहीं करेंगे। तमाम वसूली को मुलतवी कर देंगे। मगर यह वसूली बड़े जोरों से की जा रही हैं। जब हम डिप्टी कमि ानर या किसी अन्य अधिकारी को पैसे वसूल न करने के लिए कहते है तो अधिकारी हम को कहते है कि हमारे पास तो कोई ऐसी चिट्ठी नहीं आई कि पैसे वसूल न किए जाए। इतना ही नहीं इसके साथ वहां पर दूसरे कर्जों की भी जोरों से वसूली

की जा रहीं है। चीफ मिनिस्टर साहब ने रेडियों पर और पब्लिक जलसों में यह कहा था कि वसूली नहीं की जाएगी। मगर जिस व्यक्ति ने को–आप्रेटिव सोसायटी का कर्जा या किसी अन्य किस्म का सरकारी कर्जा लिया हुआ है और वह किसानों की तरफ बकाया है, तो उसे वसूल किया जा रहा है। मैं आपके द्वारा सरकार से प्रार्थना करता हूं कि जहां पर कहत पड़ा हुआ है वहां पर हरेक किस्म के कर्जों की वसूली न की जाये।

इस साल भिवानी जिले के अन्दर अकाल पड़ने के कारण कुछ चारा बांटा गया। मुझे मालूम हुआ है कि वह चारा जो बांटा गया है, वह ठीक नहीं था, गलत बांटा गया और वह भी काफी खराब चारा बांटा गया था। लेकिन इसके विपरीत हमारे सिरसा जिले के अन्दर अकाल पड़ने के बावजूद भी वहां पर कोई चारा नहीं बांटा गया। सिरसा जिले के साथ भेद–भाव बरता जा रहा है। वहां पर गरीब किसानों और देहाती भाइयों को चारा नहीं दिया गया। कई स्कीमें जिला सिरसा के अन्दर चालू करने के लिए पिछली सरकार ने घोशणा की थी। उन स्कीमों को चलाने के लिए खुद चीफ मिनिस्टर चौधरी भजन लाल ने एलान किया था। लेकिन अब कुछ स्कीमों पर काम तो चल रहा है, लेकिन काम बड़ी मध्यम गति से चल रहा है। कई स्कीमों पर तो काम अभी तक भी चालू नहीं किया गया है। सिरसा जिले के अन्दर एक दूध का प्लांट बनाया जाना था। लेकिन इस प्लांट को बनाये जाने के लिए अभी तक भी कार्य आरम्भ नहीं किया गया है। इसी तरह से सिरसा के अन्दर एक बस अड्डा बनाये

जाने के बारे में मुख्य मंत्री महोदय ने ऐलान भी किया था लेकिन अब उसको बनाये जाने के बारे में कोई चर्चा इस बजट के अन्दर नहीं की गई। वहां पर जो बस अड्डा इस वक्त है वह बहुत ही गंदी जगह पर बना हुआ है और रद्दी किस्म का बना हुआ है।

इसी प्रकार से वहां पर एक वाटर वर्कस है। जिस समय सिरसा की आबादी 25 हजार के करीब थी वह उस समय बनाया गया था। अब जब कि वहां की आबादी काफी बढ़ चुकी है उस वाटर वर्कस से लोगों को पानी की काफी किल्लत रहती है। सी0एम0 साहब ने यह एलान किया था कि इस वाटर वर्कस की कैपेसिटी को या तो बढ़ा दिया जाएगा या नया बना दिया जायेगा मगर इस ओर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे यह भी अर्ज करना चाहता हूं कि कुछ समय पहले मुख्य मंत्री महोदय, जिला सिरसा के अन्दर गए थे और उन्होंने पब्लिक जलसे में यह एलान किया था कि सिरसा की जितनी भी गंदी बस्तियां है, उन सभी का सुधार कर दिया जाएगा। इन बस्तियों के अन्दर कई प्रकार की विभिन्न जातियां रहती है। धक्का बस्ती, बंद दरवाजा, हिसार रोड और इस प्रकार कई और जगहों पर ऐसी गंदी बस्तियां हैं। इन बस्तायों में धानक, बालमिकि तथा और कई निम्न वर्ग की जातियां रहती है। परन्तु अब यह पता लगा है कि उन लोगों को 10 रूपये से लेकर 200 रूपये गज में वही बस्तियों की जमीन अलाट की जा रही है। यदि इन निम्न वर्गों की जातियों के साथ न्याय नहीं किया गया तो वे भाहर छोड़ने पर मजबूर हो जायेंगे।

इसलिए मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि इन जातियों का ध्यान रखा जाये और जिला सिरसा के साथ भेद–भाव की नीति न बरती जाए।

अध्यक्ष महोदय, मैं इन बातों के साथ–साथ एक बात यह भी अर्ज करना चाहता हूं कि आज हरियाणा के अन्दर दल–बदली बहुत हो रही है। मैं यह बात कह कर किसी के ऊपर कीचड़ नहीं उछालना चाहता। क्योंकि यह तो सारे हिन्दुस्तान में दल–बदली चल रही है। मैं किसी का नाम नहीं ले रहा हूं। दल–बदली का नाम लेने से बहुत से भाई बिगड़ते है। मैं इनकी परिभाशा क्या करू। मेरी समझ में कुछ नहीं आता क्योंकि मैंने आज तक अपनी जिन्दगी में कभी भी दल–बदल नहीं किया। इस हाउस के अन्दर भी बहुत से लोग दल–बदलू बैठे है। यादि मैं इन सभी के आंकड़ें हाउस को बताऊं तो हाउस के 88 सदस्यों में से मेरे ख्याल में 7–8 आदमी ही ऐसे बचते है जिन्होंने दल न बदला हो। दल–बदल करना तो सारे दे ा का ही काम हो गया है।

स्पीकर साहब, अब मैं रोड़वेज के बारे में भी थोड़ा सा अर्ज करना चाहता हूं। श्री जगन्नाथ जी ने सवेरे मेरे सवाल के जवाब में बताया है कि 300 से ज्यादा एडहाक कर्मचारी रोड़वेज से निकाले हुए है वे आजकल रोजगार की तला ा में भटकते फिर रहे है। बेकार फिर रहे है। ये सब उनकी वजह से फिर रहे है। अभी इन्होंने मार्किट कमेटियों के दो सौ से ज्यादा कर्मचारी निकाल दिए हैं और वे रो रहे है। अध्यक्ष महोदय,

